रोल नं.
Roll No.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
No. of printed pages : 8

133

433 (IRX)

# 2026

# व्यावसायिक अध्ययन

## BUSINESS STUDIES

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Max. Marks : 80

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**Directions :** There are in all 25 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No. 1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 7 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 8 से 13 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।
Question No. 8 to 13 are to be answered in about 50 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 14 से 17 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।
Question No. 14 to 17 are to be answered in about 100 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 18 से 24 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 200 शब्दों में दीजिए।
Question No. 18 to 24 are to be answered in about 200 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 25 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है।
Question No. 25 is Case/Source based question.

(ix) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) प्रबन्ध का कर्मचारियों को सर्वाधिक प्रेरणा देने वाला कार्य है: 1

(i) स्टाफिंग (ii) अभिप्रेरण

(iii) संगठन (iv) इनमें से कोई नहीं

Maximum incentive giving function of management of employees is:

(i) Staffing (ii) Motivation

(iii) Organisation (iv) None of these

(ख) वैज्ञानिक प्रबन्ध में टेलर ने प्रयोग किये: 1

(i) गति अध्ययन

(ii) थकान अध्ययन तथा समय अध्ययन

(iii) गति अध्ययन, थकान अध्ययन तथा समय अध्ययन

(iv) इनमें से कोई नहीं

The experiments done by Taylor under scientific management were:

(i) Motion study

(ii) Fatigue study and time study

(iii) Motion study, fatigue study and time study

(iv) None of these

(ग) व्यवसाय के आर्थिक वातावरण को प्रभावित करते हैं: 1

(i) आर्थिक नीति (ii) आर्थिक प्रणाली

(iii) आर्थिक विकास (iv) उपरोक्त सभी

Business economic environment is influenced by:

(i) Economic policy (ii) Economic system

(iii) Economic development (iv) All of the above

(घ) एक अच्छी योजना होती है: 1

(i) खर्चीली (ii) समय लेने वाली

(iii) लोचपूर्ण (iv) संकीर्ण

A good plan is:

(i) Expensive (ii) Time Consuming

(iii) Flexible (iv) Rigid

(ङ) विपणन प्रबन्ध में निम्नलिखित में से कौन उत्पाद के 'मूक विक्रेता' के रूप में कार्य करता है? 1

(i) भण्डारण (ii) मूल्य निर्धारण

(iii) पैकेजिंग (iv) वितरण

Which of the following is serves as a 'silent salesman' in marketing management?

(i) Warehousing (ii) Pricing

(iii) Packaging (iv) Distribution

(च) नियुक्तिकरण हैः 1

(i) संगठन का भाग (ii) कर्मचारी प्रबन्ध कार्य

(iii) प्रबन्ध का कार्य (iv) उपरोक्त सभी

Staffing is:

(i) Part of organisation (ii) Function of personnel management

(iii) Function of management (iv) All of the above

(छ) नियन्त्रण सम्बन्धित हैः 1

(i) परिणाम (ii) कार्य

(iii) प्रयास (iv) इनमें से कोई नहीं

Control is related to:

(i) Results (ii) Functions

(iii) Efforts (iv) None of these

(ज) वित्तीय प्रबन्ध का मुख्य उद्देश्य क्या होता है? 1

(i) लाभ को अधिकतम करना

(ii) अंशधारियों की धन संपदा में अधिकतम वृद्धि

(iii) लेनदारों को भुगतान

(iv) व्यवसाय की स्थाई सम्पत्तियों में वृद्धि

What is the primary objective of financial management?

(i) Maximisation of profit

(ii) Maximise growth in shareholders wealth

(iii) Payment to creditors

(iv) Increase in fixed assets of business

**निर्देश :** प्रश्न संख्या-1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction :** In next two parts of Question No. -1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।
A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।
Both A and R are incorrect.

(झ) **अभिकथन (A)** : विपणन अवधारणा का मूलभूत उद्देश्य ग्राहक को अधिकतम संतुष्टि प्रदान करना है।

**कारण (R)** : विपणन उपभोक्ताओं पर भार है। 1

**Assertion (A)**: The primary object of marketing concept is to provide maximum satisfaction to the customer.

**Reason (R)** : Marketing is a burden on consumers.

(ञ) **अभिकथन (A)** : संगठन अनावश्यक है।

**कारण (R)** : संगठन भ्रष्टाचार को जन्म देता है। 1

**Assertion (A)**: Organisation is unnecessary.

**Reason (R)** : Organisation gives birth to corruption.

2. स्थानान्तरण द्वारा रिक्त पद को भरना भर्ती का कौन सा स्रोत है? 1

What is the source of recruitment to fill up the vacant post by transfer?

3. क्या प्रबन्ध के सभी स्तरों पर निर्देशन की आवश्यकता होती है? 1

Is direction needed at all levels of management?

4. नियन्त्रण का आधार क्या है? 1

What is the basis of control?

5. क्या पूँजी बाजार एवं मुद्रा बाजार में कोई अन्तर है? 1

Is there any difference between capital market and money market?

6. किसी उत्पाद को नाम, चिह्न आदि देने की प्रक्रिया क्या कहलाती है? 1

What is called the process of giving a name, symbol etc. to a product?

7. एक उपभोक्ता अगर राज्य कमीशन के निर्णय से असन्तुष्ट है तो उसके विरूद्ध कहाँ अपील कर सकता है? 1

If a consumer is not satisfied with the orders of the State Commission, to which authority can be appeal against the decision?

8. प्रबन्ध के दो प्रमुख कार्य लिखिए। 2

Write two main functions of management.

9. संगठन संरचना के प्रकार कौन-कौन से हैं? 2

What are the types of organisation structure?

10. एक प्रभावी सम्प्रेषण में आने वाली कोई दो बाधाऐं लिखिए। 2

Write any two barriers in a effective communication.

11. विपणन के कोई दो कार्य बतायें। 2

State any two functions of marketing.

12. करमचन्द ने एक प्रतिष्ठित दुकान से ₹1,000 मूल्य की मिठाइयां खरीदीं, जिसके उपभोग से उसकी पत्नी बीमार हो गई। यह उपभोक्ता के किस अधिकार का उल्लंघन है और उसे इसकी शिकायत किस शिकायत निवारण एजेंसी में करनी चाहिए? 2

Karamchand purchased sweets worth ₹1,000 from a reputed shop, after consuming which his wife become ill. Which consumer right is violated and in which grievance redressal agency should he report for this?

13. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को उपलब्ध कोई दो राहतें बताइये। 2

State any two reliefs available to consumers under Consumer Protection Act.

14. शहरी क्षेत्रों में पीने के पानी की गुणवत्ता में लगातार आ रही कमी के कारण लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति चिंतित हो रहे हैं। शेयर बाजार में वाटर प्यूरीफायर बनाने वाली कम्पनियों के शेयरों के बाजार मूल्य में वृद्धि देखी जा रही है। इस स्थिति के लिए व्यावसायिक वातावरण के घटक की पहचान कीजिए तथा कोई दो अन्य घटक भी समझाइये। 3

Due to continuous decline in quality of drinking water in urban areas, people are becoming concerned about their health. The market price of shares of water purifier manufacturing companies is seeing an increase in the stock market. Identify the factor of business environment for this situation and also explain any other two factors.

15. प्रबन्ध की उन विशेषताओं का वर्णन कीजिए जो इसे एक विज्ञान के रूप में स्थापित करती हैं। 3

Explain the features of management which establish it as a science.

**अथवा / OR**

प्रबन्ध में समन्वय की महत्ता को समझाइये।

Explain the importance of co-ordination in management.

16. एक व्यावसायिक उपक्रम में नियन्त्रण का महत्व बताइए। 3

State the importance of control in a business enterprise.

17. व्यवसाय प्रबन्ध में वित्तीय नियोजन क्या है तथा यह किन उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास करता है? 3

What is the financial planning and which objectives does it strives to achieve?

**अथवा / OR**

व्यवसाय में पूंजी संरचना को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों में से किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए।

Explain any three factors amongst the various factors that affect the capital structure of a business.

18. प्रबन्ध के सिद्धांतों के महत्व को बताइए। 5

Explain the significance of principles of management.

19. संगठन की सारी गतिविधियां नियोजन के अनुरूप नहीं चल पाती हैं। अतः हमें योजनाओं में संशोधन करना पड़ता है। अर्थात् नियोजन की भी सीमाएं हैं। उनकी व्याख्या कीजिए। 5

All of an organisation's activities cannot be run according to planning. Therefore, we have to modify plans. This means that planning also has limitations. Explain them.

20. बड़े आकार के संगठन के लिए संगठन का कौन-सा प्रारूप उपयुक्त माना जाता है? स्पष्ट कीजिए। 5

Which form of organisation is suitable for a large sized organisation? Explain.

**अथवा / OR**

विकेन्द्रीकरण के महत्व को विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए।

Explain the importance of decentralisation in detail.

21. प्रशिक्षण की विभिन्न विधियों को बताइये। 5

State the various methods of training.

**अथवा / OR**

नियुक्तिकरण में चयन की प्रक्रिया को समझाइये।

Explain the selection process in staffing.

22. "निर्देशन प्रबन्ध प्रक्रिया का सार है।" वर्णन कीजिए। 5

"Direction is the essence of management process." Explain.

23. वित्तीय प्रबंध में लाभांश से सम्बन्धित निर्णय से आप क्या समझते हैं? इस निर्णय को कौन से कारक प्रभावित करते हैं? 5

What do you understand by dividend decision in financial management? What are the factors affecting this decision?

**अथवा / OR**

"पूंजीगत बजट निर्णय व्यवसाय के वित्तीय भाग्य को बदलने में सक्षम है।" क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर के लिए कारण दें।

"A capital budgeting decision is capable of changing the financial fortunes of a business." Do you agree? Give reasons for your answer.

24. सेबी क्या है? इसके कार्यों का वर्णन कीजिए। 5

What is SEBI? Explain the functions of it.

**अथवा / OR**

पूंजी बाजार से आप क्या समझते हैं? इसके प्रकारों की व्याख्या कीजिए।

What do you understand by Capital Market? Explain its types.

25. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

Read the following passage carefully and answer the questions given below-

अ ब स लिमिटेड एक विख्यात साबुन निर्माता फर्म है। अपने उत्पाद की सफलता को देखते हुए वह वाशिंग पाउडर निर्माण का निर्णय लेती है। इसके लिए वह उच्च गुणवत्ता का वाशिंग पाउडर बनाती है। इसकी बिक्री के लिए वह अपने साबुन के साथ वाशिंग पाउडर के मुफ्त सैंपल बांटती है। उत्पाद को ग्राहक तक पहुँचाने के लिए वह तीन स्तरीय वितरण माध्यम का चयन करती है। विपणन प्रबन्धक के इन सभी उपायों को करने के पश्चात भी वाशिंग पाउडर की बिक्री आशानुरूप नहीं हो पाती है।

ABC limited is a prominent soap manufacturing firm. Seeing the success of its product, it decides to manufacture washing powder. To do this, it manufactures high quality washing powder. To sell it, it distributes free samples of washing powder along with its soap. To introduce the product to customers, it select three-tier distribution channel. Even after taking all these measures by the marketing manager, the sales of washing powder are not as expected.

(क) विपणन प्रबन्ध की अवधारणा की पहचान कीजिए। 1

Identify the concept of marketing management.

(ख) विक्रय संवर्द्धन की अन्य तकनीकों को बताइये। 2

State the other sales promotion techniques.

(ग) उत्पाद के प्रवर्तन (बिक्री में वृद्धि) के लिए आप कौन से उपायों का सुझाव देंगे? 2

What measures would you suggest for promotion of product (increase in sales)?

*****